मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 56, मुंबई, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर

# ED का एक्शन



### फ्लैट-बंगलो समेत 98 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की, शेयर्स भी शामिल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई टीम ने बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की अचल और चल संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी द्वारा पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है। जिसके बारे में खुद ईडी ने जानकारी दी है। ईडी ने बताया है कि, राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ यानि लगभग 98 करोड़ की अचल और चल संपत्तियों को पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## भाजपा ने नारायण राणे को रत्नागिरी सिंधुदुर्ग से उम्मीदवार बनाया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवार की एक और लिस्ट जारी की है, जिसमें पार्टी ने महाराष्ट्र में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार का ऐलान किया है। बीजेपी ने इस सीट से केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को उम्मीदवार बनाया है। नारायण राणे का सामना विनायक राउत से होगा, जो कि अभी रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र सीट से मौजूदा सांसद हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## देवेंद्र फडणवीस कभी भी हो सकते थे गिरफ्तार

### बीजेपी नेता चंद्रकांत पाटिल का बड़ा बयान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** चंद्रकांत पाटिल ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। दरअसल बीजेपी नेता, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवेधा में एक बैठक में बोलते हुए फडणवीस के बारे बेहद चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी वक्त देवेन्द्र फड़णवीस की गिरफ्तारी हो सकती थी। मैं प्रदेश का अध्यक्ष था। हम जानते हैं कि हमने 33 महीने तक क्या सहा है। लेकिन मुझे यकीन था कि ये दिन भी गुजर जाएंगे और वो दिन भी गुजर गए जब किसी को पता ही नहीं चला, एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। जानकारी हो कि भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने यह बयान सोलापुर लोकसभा क्षेत्र के मंगलवेधा कस्बे में आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में दिया। इस दौरान चंद्रकांत पाटिल ने कहा, सोलापुर चुनाव कठिन नहीं है। माढा चुनाव कठिन नहीं है, इसे कठिन बनाया गया है। भगवान को सबकी परवाह है। वह अपना संतुलन ठीक कर लेता है। हम जानते हैं कि 33 महीनों तक जब मैं राज्य का अध्यक्ष था तब हमने क्या-क्या सहा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# संजय राउत की फिसली जुबान

### अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा को बताया 'डांसर'



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को अमरावती लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार नवनीत राणा को डांसर कहकर विवाद खड़ा कर दिया। अभिनय जगत से राजनीति में आईं राणा पूर्वी महाराष्ट्र के अमरावती लोकसभा सीट से 2019 में बतौर निर्दलीय निर्वाचित हुई थीं और इस बार वह भाजपा के टिकट से इस सीट पर चुनाव लड़ रही हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### आया मतदान का मौका

**विपक्षी खेमों में समझ बनी है कि मोदी सरकार ने देश की दिशा को बुनियादी तौर पर बदल देने की कोशिश की है। ऐसे में फिर से उसे जनादेश मिला, तो उसका मतलब मोदी के कार्यकाल में तय की गई दिशा पर जनता की मुहर होगी।**

लोकसभा की 102 सीटों पर आज मतदान होगा। इसके साथ ही उस मैराथन प्रक्रिया का निर्णायक दौर शुरू हो गया है, जिसके नतीजे से, जैसाकि अनेक हलकों में राय है, इस देश का भविष्य तय होगा। वैसे तो लोकसभा का यह 18वां आम चुनाव है, लेकिन इसके बीच ऐसे मौके बहुत कम आए हैं, जब चुनाव परिणाण को देश की दशा-दिशा के लिए इतना निर्णायक समझा गया हो। संभवतः ऐसा एक मौका 1977 का आम चुनाव था। तब आंतरिक इमरजेंसी (1975-77) के तुरंत बाद चुनाव हुआ था। अब देश के एक बड़े हलके- खासकर विपक्षी खेमे में- यह समझ बनी है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने राजनीति के ढर्रे और देश की दिशा को बुनियादी तौर पर बदल देने की कोशिश की है। ऐसे में फिर से उसे जनादेश मिला, तो उसका मतलब मोदी के कार्यकाल में तय की गई दिशा पर जनता की मुहर होगी। इसलिए माना जा रहा है कि आज से मतदाता जब मतदान करेंगे, तो देश के दीर्घकालिक भविष्य पर अपना निर्णय सुना रहे होंगे। आज 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान होगा। साथ ही दो राज्यों- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में मतदाता अपनी विधानसभाओं का चुनाव भी करेंगे। मतदान-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों के हिसाब से तो इस मुकाबले में भाजपा की बढ़त इतनी ज्यादा है कि उसका सत्ता में लौटना तय मान लिया जाना चाहिए। लेकिन हाल में भाजपा के अपने मुख्य समर्थक वोट आधार में दरारें पड़ने के संकेत मिले हैं। इसके अलावा आम मतदाताओं के मन पर बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों के छाये रहने के संकेत की वजह से चुनाव के नतीजे को पहले से तय माना लेना भूल साबित हो सकती है। बेशक, विपक्षी इंडिया गठबंधन अपना कोई सकारात्मक कथानक पेश करने में विफल रहा है, जिससे भाजपा नेतृत्व वाला गठबंधन फायदे में नजर आता है। इसके बावजूद कई बार चुनाव परिणाम असंतुष्ट मतदाता खुद ही तय कर देते हैं, जैसाकि 1977 में भी हुआ था। मतदान का पहला चरण आते-आते इस बार भी ऐसा हो सकने की संभावनाएं जताई जाने लगी हैं। नतीजतन, ठंडी शुरूआत के बावजूद चुनाव दिलचस्प मोड़ लेता दिख रहा है।

# पालघर के आदिवासी समाज के महेश सुरेश गोरटे ने किया विश्व भर में पालघर जिले का नाम रोशन

## माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में वरिष्ठ वैज्ञानिक पद पर मिली नौकरी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर** जिले के दहानु तालुका के बांधघर मेघापाडा निवासी आदिवासी युवा महेश सुरेश गोरट को दुनिया के सबसे अमीर वर्ग में से एक और महान व्यक्तित्व वाले बिल गेट्स ने अमेरिका की माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर नियुक्त किया है। दूरदराज के इलाकों और आदिवासी पाड़ा में रहने वाले इस युवा ने कम उम्र में आसमान छूती उपलब्धि हासिल की है, उससे पालघर जिले और अन्य जिलों में महेश को बधाइयां मिल रही हैं। कुछ दिन पहले देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित कर सम्मानित किया था। उनकी सफलता की प्रसिद्धि देखकर अब सभी घरों में तारीफों की बौछार होने लगी है। महेश सुरेश गोरट ने बेहद विपरीत परिस्थितियों में सफलता हासिल की है और समाज के लिए एक रोल मॉडल तैयार किया है। उनके परिवार में माता, पिता, दो बड़ी बहनें, दो भाई और साथ ही पंजोबा, दादा हैं। उनकी प्राथमिक शिक्षा जिला परिषद स्कूल, बांधघर पाटिलपाड़ा में हुई, उनकी माध्यमिक शिक्षा पूज्य आचार्य भिसे हाई स्कूल, कासा में हुई। माध्यमिक शिक्षा एमके जूनियर कॉलेज, चिनचानी में हुई और उसी कॉलेज में उन्होंने बी। एस। सीआईटी शिक्षा में डिप्लोमा प्राप्त किया। शिक्षा के प्रति उनकी लगन और गणित के प्रति रुचि को देखकर कॉलेज के प्रिंसिपल ने उन्हें आईटी के क्षेत्र में आगे की शिक्षा प्राप्त करने में मदद की। प्रेरणादायक बात यह है कि उनके पिता उनकी प्राप्त शिक्षा को पूरा करने के लिए अपनी किडनी बेचने तक को तैयार थे चूंकि घर की स्थिति बहुत खराब थी, इसलिए महेश छुट्टियों पर घर आकर घर पर ही रहकर पढ़ाई करते थे। माता-पिता छोटी-मोटी खेती करते थे और कभी-कभी काम करने के लिए गांव से बाहर जाते थे और बच्चों की शिक्षा के लिए पैसे जुटाते थे। अपने बेटे की इतनी बड़ी सफलता देखकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। महेश ने सफलता के शिखर पर पहुंचकर अपने समाज का मान बढ़ाया है, उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा पुणे के फर्गन्स कॉलेज से पूरी की। वहां भी उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में टॉप टेन में रहने का गौरव प्राप्त हुआ। कॉलेज में, महेश ने मैसेजिंग एप्लिकेशन पर प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके बाद कॉलेज में कैंपस इंटरव्यू आयोजित करने वाली कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में उनका चयन हो गया। महेश ने दृढ़ संकल्प और दृढ़ता के साथ ऐसा करके दिखाया है किसी भी परिस्थिति पर काबू पाकर सफलता हासिल की जा सकती है। पालघर जिला आदिवासी शिक्षक संघ ने उनकी सफलता की सराहना की और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर यशवन्त गावित, दिनेश चौधरी, सुरेश गावित एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। महेश सुरेश गोरट ने अपनी सफलता के बारे में बात करते हुए कहा, इस उपलब्धि के लिए मुझे हर जगह बधाई दी जा रही है। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं, लेकिन जिस तरह मैंने एक गरीब और गांव के जिला परिषद स्कूल से प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक यह सफलता हासिल की है, इसलिए मेरे जैसे कई आदिवासी गरीब छात्रों को भी सफलता हासिल करनी चाहिए। इसके लिए हमें औद्योगिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए बिना यह सोचे कि शिक्षा प्राप्त करने से ही हमें सरकारी नौकरी मिलेगी। महेश सुरेश गोरट के पिता ने कहा, हमारी बेहद खराब स्थिति के कारण, हमें अपने बेटे की उच्च शिक्षा के लिए लगातार पैसे की आवश्यकता होती थी। मैंने किसी और से सुना था कि यदि आप अपनी एक किडनी बेच देंगे, तो आपको बहुत सारे पैसे मिलेंगे और एक व्यक्ति एक किडनी पर जीवन यापन कर सकता है। मैंने इसे बेचने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज यह देखकर मेरी आंखों में खुशी के आंसू हैं कि मेरे बेटे ने कठिन सफर के बाद सफलता हासिल की है।




## पालघर के एक आदीवासी इलाके के लड़के ने किया यूपीएससी क्लियर बनेंगे आईएएस, पालघर के युवाओं को दिया बड़ा संदेश



जव्हार तालुका के आदिवासी इलाके के कोगड़े गांव में रहने वाले डॉ. अजय काशीराम डोके ने हाल ही में घोषित यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्हें (ऑल इंडिया रैंक) एआईआर 705 मिली है और भविष्य में वह आईएएस या आईपीएस पद के दावेदार होंगे। संबंध पालघर जिले के आदिवासी इलाके से यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली पहले व्यक्ति हो सकते हैं। अजय डोके की सफलता का श्रेय उनके माता-पिता को जाता है। अजय के पिता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिनचानी में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत हैं। अजय की माँ घर का काम करती है। अजय बचपन में बहुत बुद्धिमान थे। अजय डोके हैं डॉ. राजेंद्र भरुड़ की पुस्तक 'मी एक स्वप्न देखे' को पढ़कर प्रेरणा मिली। डॉ. डॉक ने युवा पीढ़ी को अधिक पढ़ने, मोबाइल का उपयोग कम करने, खुद पर विश्वास करने और कड़ी मेहनत से अध्ययन करने का एक अच्छा संदेश दिया है। कई वर्षों से की जा रही कड़ी मेहनत के कारण, डॉ. डोके ने यूपीएससी परीक्षा पास कर ली है। उनकी इस सफलता से जव्हार तालुक और डॉ. में खुशी व्यक्त की जा रही है। अजय डोके की हर तरफ तारीफ हो रही है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अबोल जीवों के उद्धार के लिए हार्दिक हुंडिया ने किया श्रीराम का अवतरण

## पहली बार भगवान श्रीराम के चित्र का लाइव दर्शन पाकर दर्शक हुए भावविभोर

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** एक सादे कैनवास पर शुद्ध गंगाजल और प्राकृतिक रंगों के मिश्रण से धीरे-धीरे उभरता हुआ चित्र जो कुछ ही समय में एक बहुत ही अलौकिक प्रभु श्रीराम स्वरूप में बदल जाता है। इसकी कल्पना मात्र ही हृदय को सुकून देने वाली है। तो जरा सोचिये जब इसका प्रत्यक्ष दर्शन करने का मौका मिले तो भला ऐसे अवसर को कौन हाथ से जाने देगा। जी हां! मुंबई के गरवारे क्लब में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार मनोज दास ने रवी जैन के भक्ती गीतों और बलविंदर सिंह की सुमधुर बांसुरी धुन के बीच प्रभु श्रीराम का चित्रण करना शुरू किया तो उपस्थित दर्शक कुछ पल के लिए प्रभु श्रीराम की भक्ती में लीन हो गये। श्रीराम की पेन्टींग पूर्ण होने के बाद सबसे ज्यादा बोली साढ़े पांच लाख बोलने वाले उद्योगपति और जीवदया प्रेमी भरत कोठारी को श्रीराम की यह अद्भुत पेन्टींग गाजे-बाजे के साथ, हार्दिक स्वागत करते हुए भेंट की गयी। बोली के पैसे भरत कोठारी द्वारा अबोल जीवों के संवर्धन में खर्च किया जायेगा। इस दौरान गुजरात में कानूनी लड़ाई लड़कर 4000 से अधिक कत्लखानों को बंद करवाने वाले एडवोकेट धर्मेन्द्र फोफानी को स्टार जीव सारथी कानून रत्न सम्मान से सुशोभित किया गया। इसके साथ ही हीरे के व्यापारी महेंद्र गांधी और रोहित शाह को कोहिनूर ऑफ इंडिया सम्मान दिया गया। बाल



कलाकार विवा राहुल कोठारी जिन्होंने फिल्म, वेब सीरिज, टीवी सीरियल, शोर्ट फिल्म, टीवी और डिजिटल एडवर्टिजमेंट में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं उनका विशेष सम्मान किया गया। गौरतलब है कि देशभर में अबोल जीवों की काफी दुर्दशा होती जा रही है। कत्लखानों के अलावा आवारा पशुओं और पक्षियों को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद कोई उनकी सुध लेने वाला नहीं होता। लेकिन हमारे आस-पास कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जो इन अबोल जीवों के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं। स्टार रिपोर्ट मैगजीन के प्रधान संपादक हार्दिक हुंडिया द्वारा अबोल जीवों के उद्धार के लिए चित्रकार मनोज दास द्वारा प्रभु श्रीराम के लाइव पेन्टींग कार्यक्रम का आयोजन किया जो शत-प्रतिशत सफल रहा और अबोल जीवों के लिए पांच लाख रुपए की राशि आहुत हो गयी, जिसे जीवदया प्रेमी भरत कोठारी देशभर में जीवदया के कामों में खर्च करेंगे।

### राम नवमी के दिन हार्दिक हुंडिया के नेतृत्व में अनोखी राम भक्ति

बता दें कि जब श्रीराम का चित्र बनना शुरू हुआ तब देश और विदेश में बांसुरीं द्वारा लोगो का मन जीतने वाले बलविन्दर सिंह और उस्ताद हनीफ खान की तबला और बांसुरी की जुगल बंदी ने समां बांध दिया। पूरा माहौल राममय हो गया और उस्थित दर्शक भक्ति में झूम उठे। इस दौरान प्रमुख रूप से भरत शाह, पृथ्वी राज कोठारी, मौलिक शाह, स्मिता सालस्कर , डॉ. गौतम भंसाली, मनीष अजमेरा, अतुल शाह, आकाश राज पुरोहित, नचिकेता ब्रह्मभट्ट, शंकर सोलंकी, चंद्र प्रकाश जैन, अनीता नागडा जैसे कई विशिष्ट महानुभावों ने अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करायी। प्रभु राम के भजनों और गीतों से दिल जीतने वाले गीतकार पार्श्व गायक, संगीतकार रवि जैन अपनी ऑर्केस्ट्रा टीम के साथ गायन प्रस्तुत करते रहे।

### इस तरह से अबोल जीवों की सेवा करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात : भरत कोठारी

प्रभु श्रीराम की पेन्टींग को सबसे ज्यादा साढ़े पांच लाख रुपए की बोली बोलकर प्राप्त करने वाले उद्योगपति भरत कोठारी ने कहा कि अबोल जीवों की सेवा करना हम सबका धर्म है। इसके लिए हम तो सिर्फ निमित्त मात्र हैं, हम बहुत भाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीराम ने हमें यह शुभ अवसर प्रदान किया। डायमंड किंग भरत शाह ने कहा कि हार्दिक हुंडिया का हर आयोजन बहुत ही खास और समाज को अनोखा संदेश देने वाला होता है। जीवदया के कार्यों के लिए प्रभु श्रीराम के अवतरण का इतना भव्य आयोजन श्रीराम के अवतरण को सार्थक कर दिया है। आयोजक हार्दिक हुंडिया ने कहा कि, इस तरह के आयोजन पूरे देश में किये जायेंगे क्योंकि अबोल जीवों को ज्यादा से ज्यादा संरक्षण मिले यही हमारी अनमोलक भावना है। श्रीराम के अलावा भगवान श्रीकृष्ण, श्रीगणेश, भगवान शिव, हनुमान जी के चित्रण की लाइव दर्शन का आयोजन किया जायेगा। ह्यअवतरण श्रीराम काॿ कार्यक्रम के आयोजन हेतू स्टार रिपोर्ट की टीम में संपादक हार्दिक हुंडिया के साथ उप संपादक रश्मि दवे, क्रिएटिव हेड आशुतोष गुप्ता, श्रद्धा रायबान, अंजली शर्मा और प्रेमलता मौर्या शामिल रहे।

# मुझे पेड़ दो सेवा समिति वृक्षारोपण का कार्य किया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुझे** पेड़ दो सेवा समिति एवं सामाजिक संस्था पर्यावरण संरक्षण के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्य किया गया टीम के संस्थापक श्री गणेश दुबे ने बताया कि पेड़ बचाने का मतलब है जीवन बचाना पृथ्वी पर पेड़-पौधों का होना सभी जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक है। क्योंकि पेड़-पौधे ऑक्सीजन प्रदान करते है और ऑक्सीजन की वजह से ही सभी जीव जिंदा रहते हैं और सांस लेते हैं पेड़-पौधे से प्राप्त फल और सब्जियां मनुष्यों और जानवरों के आहार होते है पेड़ हमारे जीवन में भोजन और पानी की तरह ही



महत्वपूर्ण हैं पेड़ के बिना जीवन बहुत कठिन बन जायेगा या हम कह सकते हैं कि जीवन खत्म हो जायेगा क्योंकि हमें स्वस्थ और समृद्ध जीवन देने में पेड़ बहुत मुख्य पहलू है पेड़ हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष जीवन प्रदान करता है क्योंकि ये ऑक्सीजन उत्पादन, सीओ2 उपभोग का स्त्रोत, और बारिश का स्त्रोत है प्रकृति की तरफ से धरती पर मानवता को दिया गया ये सबसे अनमोल उपहार है जिसका हमें आभारी होना चाहिये तथा इसको सम्मान देने के साथ ही मानवता की भलाई के लिये संरक्षित करना चाहिये हम लोग 1 जनवरी से लगातार वृक्षारोपण कार्य कर रहे हैं अब तक टीम के सहयोग से 238 वृक्ष लगा चुके हैं और इस वर्ष 2024 में हम 1000+वृक्षारोपण कार्य करेंगे आईए इस महाकुंभ में आप भी हिस्सा बनिए पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ आज कार्यक्रम में शामिल रत्नाकर मिश्रा, अभिजीत प्रकाश तिवारी, पुष्कर मिश्रा, मनीष यादव, ललित कुमार आदि मौजूद रहें।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर ईडी का एक्शन

ईडी द्वारा अटैच संपत्तियों में जुहू में स्थित एक आवासीय फ्लैट शामिल है, जो कि वर्तमान में शिल्पा शेट्टी के नाम पर है। वहीं पुणे स्थित आवासीय बंगलों को भी अटैच किया गया है। यह बंगलों राज कुंद्रा के नाम पर है। इसके अलावा राज कुंद्रा के नाम पर इक्विटी शेयर्स भी अटैच किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की कार्रवाई के पीछे यह पूरा मामला Bitcoin धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। ईडी ने ये कारवाई 6600 करोड़ के Bitcoin Fraud मामले में की है। बताया जाता है कि, इस मामले में कुछ दिन पहले ईडी ने कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी की थी। मालूम रहे कि, शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा का नाम पॉर्न फिल्म शूटिंग मामले में भी सामने आ चुका है। जिसमें उनकी गिरफ्तारी भी की गई थी। इस मामले के बाद से राज कुंद्रा चर्चित हो रखे हैं।

### संजय राउत की फिसली जुबान

राउत ने कहा, लोकसभा चुनाव डांसर या बबली (एक फिल्म का चर्चित किरदार) के खिलाफ नहीं है बल्कि यह लड़ाई महाराष्ट्र और मोदी के बीच है। वह डांसर हैं (नर्तकी), और पर्दे पर अभिनेत्री जो कुछ प्रेम भाव दिखाएंगी लेकिन उनके झांसे में नहीं आएं। शिवसेना (यूबीटी) नेता एवं राज्यसभा सदस्य राउत ने यह टिप्पणी अमरावती में राणा के खिलाफ महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए) की घटक कांग्रेस के उम्मीदवार बलवंत वानखेड़े के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए की। भाजपा के खिलाफ मुखर राउत ने जनता से राणा को हराने की अपील की। शिवसेना नेता ने कहा, उन्होंने मातोश्री (शिवसेना-यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के मुंबई स्थित आवास) में जबरन (2022 में विरोध प्रदर्शन के दौरान) दाखिल होने की कोशिश की। उन्होंने हमें चुनौती दी और हिंदू धर्म के बारे में गलत बातें की। यह शिवसेना समर्थकों की प्राथमिक कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वे उन्हें हराएं। अमरावती विदर्भ क्षेत्र का हिस्स है और यहां पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राउत की टिप्पणी पर तीखी प्रतक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना की मनीषा कायंदे ने कहा, भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की तरह, संजय राउत पर भी निर्वाचन आयोग द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने हेमा मालिनी पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में सुरजेवाला के 48 घंटे तक चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी थी। कायंदे ने कहा, निर्वाचन आयोग को राउत पर चुनावी रैलियों को संबोधित करने को लेकर रोक लगानी चाहिए और उन्हें सबक सिखाना चाहिए। पूरे अभियान अवधि के दौरान राउत को मीडिया में कोई भाषण या साक्षात्कार देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### देवेंद्र फडणवीस कभी भी हो सकते थे गिरफ्तार

लेकिन मुझे यकीन था कि दिन गुजरेंगे और अच्छे दिन आयेंगे। इसलिए, अच्छा काम जारी रखें।अच्छा काम अच्छे परिणाम लाता है। उपमुख्यमंत्री के बारे में बयान देते हुए चंद्रकांत पाटिल ने कहा, देवेन्द्र फडनीस को किसी भी क्षण गिरफ्तार कर लिया जाता, मैं 33 महीने तक प्रदेश का अध्यक्ष रहा, हम जानते हैं कि हमने क्या सहा है, लेकिन मुझे यकीन था कि ये दिन भी गुजर जाएंगे और वो दिन भी गुजर गए और किसी को पता भी नहीं चला कि एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। चंद्रकांत पाटिल ने सांकेतिक बयान दिया है कि राज्य में महाविकास अघाड़ी के शासन के दौरान ऐसा समय आ गया था। इस बैठक में बोलते हुए चंद्रकांत पाटिल ने माना कि सोलापुर का चुनाव उतना मुश्किल नहीं है लेकिन माढ़ा का चुनाव उतना मुश्किल नहीं था लेकिन उसे मुश्किल बना दिया गया। एबीपी माझा के सर्वेक्षण से पता चलता है कि सोलापुर में भाजपा के राम सातपुते आगे चल रहे हैं और माढ़ा लोकसभा में राष्ट्रवादी शरद पवार समूह के मोहिते पाटिल आगे चल रहे हैं। सर्वे की आलोचना करने वाले चंद्रकांत पाटिल को अपने भाषण में सर्वे की हकीकत स्वीकार करनी पड़ी और बोलते-बोलते उन्होंने ये हकीकत शिवसैनिकों के सामने रख दी। ऐसे में अब देखा जा सकता है कि माढ़ा लोक सभा चुनाव का समीकरण बदल रहा है।

### भाजपा ने नारायण राणे को रत्नागिरी सिंधुदुर्ग से उम्मीदवार बनाया

बीजेपी ने आगामी चुनाव के लिए महाराष्ट्र में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र से नारायण राणे को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने 18 अप्रैल को एक प्रेस रिलीज जारी की जिसमें उम्मीदवार के तौर पर राणे का नाम था। फिलहाल के समय में इस सीट से विनायक राउत सांसद है, जो कि शिवसेना के नेता हैं। शिवसेना ने विनायक राउत को फिर से उम्मीदवार बनाया है। रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट पर इससे पहले बीजेपी ने कभी भी कोई प्रतिनिधि नहीं खड़ा किया है। वहीं इस सीट से नारायण राणे के बेटे निलेश राणे ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर 2009 में इस सीट पर जीत हासिल की थी। नारायण राणे महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना और बीजेपी के गठबंधन में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार को लेकर काफी समय से बातचीत हो रही थी।

## दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदल रहा, 23 सेकंड का वीडियो वायरल

# बारिश के बाद दुबई में दिखा अदभुत नजारा देखते ही देखते हरा हो गया आसमान का रंग

*दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदलता हुआ दिख रहा है। जहां पिछले दिनों भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। वहीं अब तूफान से जुड़ा हुआ ऐसा वीडियो सामने आया है। दुबई का पूरा आसमान नीले से हरे रंग में रंग गया।*

मुंबई हलचल / दुबई

पिछले कुछ दिनों से दुबई के मौसम में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां 75 वर्षों में सबसे भारी बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया जिसके बाद देश जैसे थम सा गया। भारी बारिश के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गईं और स्कूल बंद कर दिए गए। कई ऐसे फोटो और वीडियो सामने आए जिसमें पानी से लबालब भरी सड़कें देखने को मिली। एक सोशल मीडिया एक्स यूजर ने 23 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया।

इस वीडियो का कैप्शन के साथ साझा किया जिसमें लिखा है, 'दुबई में आसमान हरा हो गया! दुबई में आए तूफान की यह वास्तविक फुटेज है।' दुबई में आसमान का इस तरह हरा हो जाना कोई मामूली बात नहीं है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं। इसको लेकर पिछले साल फॉक्स न्यूज द्वारा प्रकाशित एक आर्टिकल के में बताया गया था कि यह तब होता है जब वायुमंडल द्वारा बिखरी हुई रोशनी बादलों में बर्फ की बूंदों को रोशन करती है।

### दुबई में आई बाढ़ की वजह को क्लाउड सीडिंग से जोड़ा जा रहा है

**नीले के बदले हरे रंग में रंगा पूरा आसमान** | **दुबई के मौसम में हुआ अनोखा बदलाव**



### दुबई के बाद ईरान में बिगड़ा मौसम

दुबई के बाद ईरान और अफगानिस्तान के कई हिस्सों में चक्रवाती हवाएं चलने लगी हैं, जिसका असर उत्तर भारत के एक हिस्से पर पड़ने वाला है। जबकि पहाड़ी हिस्सों पर बर्फबारी का भी अनुमान है। इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। उत्तर भारत के अलावा नॉर्थ-ईस्ट की हिमालयन रेंज पर भी पड़ने वाला है। तेज हवाओं के साथ बारिश और ऊंची जगह पर बर्फबारी का अनुमान है।

### भारत से दुबई के लिए उड़ानें रद्द

दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण वहां का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी प्रभावित हुआ है। मौसम की इस बेरूखी को देखते हुए भारत की एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। इनके अलावा के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा एयरलाइंस और स्पाइसजेट भी दुबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन करती हैं। वैकल्पिक विकल्प या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुनने के लिए 24*7 संपर्क केंद्र 91 116 932 9333 या 91 116 932 9999 पर संपर्क करें।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

दुबई में 75 वर्षों की सबसे बड़ी बाढ़ आने के बाद भारत ने अपने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहां फंसे भारतीयों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर +971501205172, +971569950590, +971507347676, +971585754213... जारी किया है। दुबई में स्थित भारतीय कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने आधिकारिक बयान में कहा है कि हम फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए यूएई अधिकारियों और एयरलाइंस के संपर्क में हैं।

### क्या है क्लाउड सीडिंग?

दुबई में एक दिन में एक साल जितनी बारिश दर्ज की गई है। इतनी ज्यादा बारिश के पीछे का कारण क्लाउड सीडिंग को माना जा रहा है। क्लाउड सीडिंग एक आर्टिफिशियल बारिश कराने का एक तरीका है। क्लाउड सीडिंग की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के बाथुर्स्ट स्थित जनरल इलेक्ट्रिक लैब में फरवरी 1947 में हुआ था। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 1940 के दशक में इसका इस्तेमाल किया गया था। वहीं, चीन और कई और देशों ने इसका इस्तेमाल किया। 1952 में भारत में इसका पहली बार परीक्षण किया गया।

## चीन ने बनाया अमेरिकी अपाचे की टक्कर का हेलीकॉप्टर!

**हांगकांग।** चीन की हेलीकॉप्टर निर्माता कंपनियों ने हाल ही में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लिए हैवी अटैक हेलीकॉप्टर बनाया है। यह हेलीकॉप्टर अमेरिका के एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर के मुकाबले में तैयार किया गया है। इस हेलीकॉप्टर को जनवरी से टेस्ट किया जा रहा है। फिलहाल इस हेलीकॉप्टर को आधिकारिक रूप से कोई नाम नहीं दिया गया है। जर्मन विशेषज्ञ एंड्रियास रूपरेट ने इस नए अटैक हेलीकॉप्टर पर हैरानी जताई है। इस हेलीकाप्टर की डिजाइनिंग में अमेरिकी अपाचे की तरह उड़ने और मोड़ने में सुविधाजनक बनाने की कोशिश की गई है। इसे सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के खतरे से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## जेल से बोले इमरानः सेना प्रमुख को छोडूंगा नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पत्नी बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए आर्मी चीफ जनरल मुनीर को जिम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इमरान ने आर्मी चीफ को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि बुशरा की गिरफ्तारी के पीछे सीधे तौर पर जनरल मुनीर का हाथ है। अगर मेरी पत्नी को कुछ भी हुआ तो मैं आर्मी चीफ जनरल मुसीर को नहीं छोडूंगा। जब तक मैं जिंदा रहूंगा। उसके सारे गैरकानूनी और असंवैधानिक कामों का पर्दाफाश करता रहूंगा।

# 'सब में राम, शाश्वत श्री राम' का शुभारंभ




दिनांक 17 जनवरी 2024 विशेष कार्यक्रम रामनवमी बाल गंगा वालकेश्वर में बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के संचालक श्री कृष्ण प्रकाश आईजी कमिश्नर पुलिस डिपार्मेंट मुंबई महाराष्ट्र, कार्यक्रम में कही जाने पहचाने लोग डॉक्टर आईपीएस कलाकार सभी डॉक्टर लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे, योग गुरु राधेश्यामजी ने सभी लोगों से मुलाकात किया। कार्यक्रम में शामिल डॉक्टर सुरुचा मेहता अर्चना श्रीवास्तव प्रदीप जी उपस्थित रहे।

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** राम नवमी के शुभ अवसर पर बाणगंगा परिसर में हिंदी साहित्य भारती, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, तथा हम फाउंडेशन के द्वारा 'सब में राम, शाश्वत श्री राम- भारतीय कला संस्कृति के वैश्विक आयाम' का उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ शक्ति-स्वरूपा एक बालिका को साथ ले, महाराष्ट्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) श्री कृष्ण प्रकाश, प्रोफेसर करुणाशंकर उपाध्याय, डॉ सचिन गपाट, डॉ हनुमंत राय धायगुडे, श्री विकास शर्मा,जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स के श्री राजीव मिश्रा, मैडम श्रुति दास (एनजीएमए), इंडिया पोस्ट व इंडियन रेलवे के अधिकारी,अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वल्लन से हुआ। सुश्री जागृति नंदा ने प्रस्तावना दी व प्रख्यात गायिका डॉ सुरुचि मोहता ने श्लोक गायन द्वारा कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। इसके बाद उपस्थित पंडितों द्वारा गोदावरी आरती संपन्न हुई। मंत्रोच्चार और शंखनाद से समूचा वातावरण राममय हो गया। इस अवसर उपस्थित कलाकार श्री सौरव मिश्रा, श्रीमती प्राची जरीवाला ने नृत्य के माध्यम से राम के सन्देश को प्रसारित किया। श्री कृष्ण प्रकाश द्वारा संकल्पित यह कार्यक्रम उनकी आध्यात्मिक व साहित्यिक चेतना व ऊर्जा का प्रतिफल है। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आदि-दैहिक, आदि-भौतिक, व आदि-दैविक राम के स्वरुप को जन सामान्य के सामने कला के माध्यम से प्रस्तुत करने का ये प्रयास, राम के जीवनचरित्र से सभी को प्रेरणा ग्रहण करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू लोढ़ा के हाथों क्यू आर कोड के माध्यम से वेबसाइट का लोकार्पण किया और आगामी कार्यक्रम की सम्पूर्ण योजना व कार्यक्रम के स्वरूप बारे में जानकारी दी। श्रीमती मंजू लोढ़ा ने इस अवसर पर राम के कार्यों पर प्रकाश डाला। लोहा फाउंडेशन द्वारा 'मन में राम, तन में राम, रन में राम' इस योजना की घोषणा की गयी जिस में लोगों को स्वास्थ्य के लिए दौड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। श्री कृष्ण प्रकाश ने इस आयोजन की पृष्ठभूमि को सामने रखा। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में मुंबई विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. करुणाशंकर उपाध्या ने कहा कि जिसमें सब रम जाएं अथवा जो सर्वत्र रमता है और देवता जिस में रमण करते हैं, वही राम हैं। राम का जीवन शक्ति, शील और सौंदर्य का समन्वित रूप है। यदि हम आज भी रामराज्य जैसी कल्याणकारी विश्व व्यवस्था को पाने की आकांक्षा रखते हैं तो हमें ये प्रयास करना होगा कि विकसित भारत राम राज्य जैसा हो। इन्होंने राम के चरित्र को भारतवर्ष के सांस्कृतिक व्यक्तित्व का निर्धारक चरित्र कहा। कार्यक्रम में भारत सरकार, समाज, तथा कॉर्पोरेट जगत के पतिष्ठित प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करने हेतु द ह्यूमन योग फाऊंडेशन के डायरेक्टर है इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट योग गुरु राधेश्याम जयसवार जो मुंबई हलचल और कड़क न्यूज के सहयोगी है कार्यक्रम में उपस्थित और विज्ञापन के लिए उनको धन्यवाद ज्ञापन इस उपक्रम के सलाहकार श्री अतुल कुलकर्णी द्वारा किया गया।




## रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में पथराव को लेकर शुभेंदु अधिकारी की गवर्नर को चिट्ठी

# हमारा दफ्तर जलाने की हुई कोशिश एनआईए करे जांच, स्थितियां बेकाबू

*भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषणों से रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुई। इसकी मांग एनआईए से करते हुए उन्होंने राज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।*

मुंबई हलचल / कोलकाता

मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर इलाके में रामनवमी के जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को रामनवमी पर हुई झड़प को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि नंदीग्राम में भाजपा का दफ्तर जला दिया गया। बता दें, रामनवमी के दिन जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है।

**चुनाव आयोग सीएम ममता बेनर्जी पर करे कार्रवाई**

**शोभायात्रा पर बरसाए गए हैं पत्थर**





### रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषण की वजह से पश्चिम बंगाल राज्य में अलग-अलग जगहों पर रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया। उपद्रवियों को उकसाया गया। उपद्रवियों को आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं।

### कानून व्यवस्था को नियंत्रित करें

अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में जानकारी दी। उनसे कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने के साथ-साथ घटनाओं की जांच एनआईए जांच करने का आग्रह किया।

### पूर्वी मेदिनीपुर में हुई हिंसा

रामनवमी के अवसर पर केवल मुर्शिदाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में भी हिंसक झड़प देखने को मिली थी। यहां पर हुई हिंसा में तकरीबन 4 लोग घायल हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए गए।

## मसाबा और शॉपर्स स्टॉप द्वारा लवचाइल्ड ब्यूटी के नए शाप-इन-शाप का अनावरण किया




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** भारत की मशहूर फैशन डिजाइनर और अभिनेत्री मसाबा गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठित ब्यूटी ब्रांड, लव चाइल्ड के नए शाप-इन-शाप की शुरूआत आर सिटी माल, घाटकोपर के शापर्स स्टाप में की गई है। शाप-इन-शाप सौंदर्य प्रेमियों को हर तरह के ब्यूटी उत्पाद उपलब्ध कराएगी जो परंपरागत सौंदर्य प्रसाधनों से बहुत ही अलग रहेगी। शाप-इन-शाप कियोस्क मसाबा के लवचाइल्ड के उत्पादों के अलावा, शापर्स स्टाप ब्यूटी आनलाइन स्टोर पर भी उपलब्ध रहेगा। ब्रांड की कोशिश है कि आधुनिकता और समग्रता पर फोकस किया जाए और ग्राहकों को विभिन्न रेंज में कास्मेटिक्स उपलब्ध कराया जाए जो आत्मविश्वास और क्रिएटिविटी के आधार पर डिजाइन किए गए हैं। मसाबा के लवचाइल्ड के शापर्स स्टाप पर लांच किए जाने के बाद यह एक महत्वपूर्ण भागीदारी की शुरूआत है जो ब्यूटी मानकों को नए सिरे से परिभाषित करने के साथ ही, लोगों को अपने को वास्तविक रूप से व्यक्त करने की ताकत मिलेगी। नए शाप-इन-शाप में मसाबा के लवचाइल्ड की भावना है जिसमें तमाम तरह के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं जो सभी उम्र के लोग, हर तरह की त्वचा वाले और तरह-तरह के सांस्कृतिक पृष्ठिभूमि के लोग इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। शापर्स स्टाप के साथ हुई इस भागीदारी से शानदार ब्यूटी और पर्सनल केयर से ब्रांड के तमाम चैनलों से विस्तार होगा जो आनलाइन और आफलाइन शापिंग अनुभवों की दूरी को कम करेगा। इस अवसर पर बोलते हुए मसाबा गुप्ता ने कहा, हम इस बात को लेकर काफी उत्साहित हैं कि हम एक नया सफर शापर्स स्टाप के साथ शुरू करने जा रहे हैं। इस भागीदारी से एक साझा दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व होता है जिससे ब्यूटी रिटेल जगत में एक नई क्रांति आएगी जहां क्रिएटिविटी का मिलन उपलब्धता के साथ होगा। अपने शाप-इन-शाप और शापर्स स्टाप के आनलाइन रिटेल के माध्यम से हम चाहते हैं कि ग्राहक घरेलू ब्यूटी ब्रांडों को अपनाएं जहां स्किनकेयर और ब्यूटी के निर्माण के साथ-साथ साल्यूशन उपलब्ध होते हैं। मसाबा के लवचाइल्ड के ब्रांड हेड, प्रतीक मुखर्जी का कहना है, यह हमारे शाप-इन-शाप की शापर्स स्टाप के साथ भागीदारी की शुरूआत है जहां हमें प्रमुख शहरों और जगहों में आफलाइन विस्तार के अवसर उपलब्ध होगें, व्यापक स्तर पर ग्राहकों तक पहुंचने का आधार तय होगा जहां हमारे आधुनिक ब्यूटी प्रसाधन आनलाइन और आफलाइन उपलब्ध होंगे।

# मतदाता असली है या फर्जी दो रुपये में चलेगा पता, चुनाव आयोग ने कर रखी है जबरदस्त तैयारी

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को करीब 26 लाख 75 हजार मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान के दिन मतदान केंद्र पर अक्सर फर्जी मतदाता की शिकायतें पोलिंग एजेंट से लेकर अन्य लोग करते हैं। चुनाव आयोग ने मतदान के दिन फर्जी मतदाता पहचानने के लिए गाइडलाइन जारी की हैं। इसमें व्यवस्था की गई है कि किसी भी प्रत्याशी का एजेंट फर्जी मतदाता का पता लगाने के लिए दो रुपये की रसीद कटवाकर उसे चैलेंज कर सकता है। दो रुपये खर्च करने पर पता चल जाएगा कि मतदाता असली है या फर्जी। फर्जी मतदाता का दावा करने वाले पोलिंग एजेंट व अन्य लोग को पीठासीन अधिकारी से संपर्क करना होगा। पीठासीन अधिकारी मतदाता से उसका नाम, पिता का नाम, पता, घर में कितने




वोटर हैं आदि कई बिंदुओं के बारे में पूछताछ करेगा। संतुष्टि न होने पर वह सच और झूठ की पहचान करने के लिए क्षेत्र के पार्षद या प्रधान को बुलाकर मतदाता के बारे में गवाही लेगा। यदि मतदाता यह साबित कर दे कि वही असली मतदाता है, तो उसे वोट डालने का मौका मिलेगा और अगर वह ऐसा नहीं कर पाता है तो उसे फर्जी मतदाता मानकर उसके खिलाफ केस दर्ज कराया जा सकता है। यदि कोई मतदाता केंद्र पर अपना वोट डालने पहुंचता है, लेकिन उससे पहले ही कोई उसके नाम से वोट डाल चुका होता है तो वह टेंडर वोट का सहारा ले सकता है। इसके लिए उसे पीठासीन अधिकारी के पास जाना होगा। यदि मतदाता सूची में नाम होगा तो पीठासीन अधिकारी एक प्रपत्र पर मतदान कराते हैं। इसके बाद उस मतपत्र को लिफाफे में बंद कर देते हैं।

# नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट पर शुरू हुआ मतदान

## 20 लाख वोटर चुनेंगे अपना सांसद

**हल्द्वानी।** नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट पर 20,15754 मतदाता हैं। इसमें 10, 47118 पुरुष और 9,68636 महिला मतदाता हैं। वोटिंग शुरू हो चुकी है। शुरूआत से ही मतदान केंद्रों पर जबरदस्त जोश दिख रहा है। 14 विधानसभा सीटों वाले इस सीट पर दो जिले हैं। 2328 बूथ बनाए गए हैं। राजनीतिक दलों ने इन बूथों के निकट अपने बस्ते भी लगाए हैं। वोटर लिस्ट में नाम देखा जा रहा है। इसी सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट रानीखेत में वोट डालेंगे और कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी कालाढूंगी के गैबुवा में मतदान करेंगे। वहीं छड़ायल सुयाल सीट पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल



आर्य वोट डालेंगे और ऊंचापुल में विधायक बंशीधर भगत और खालसा इंटर कॉलेज में विधायक सुमित हृदयेश मतदान करेंगे। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के रुद्रपुर में सबसे अधिक 201663 मतदाता है। यहां पर 210 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके बाद कालाढूंगी विधानसभा में 182055 मतदाता हैं, यहां 217 मतदान केंद्र व काशीपुर में 173761 मतदाता और 202 मतदान केंद्र है। वहीं नैनीताल-ऊधमसिंह नगर क्षेत्र में 18-19 उम्र के कुल 33736 मतदाता हैं। सबसे अधिक युवा मतदाताओं की संख्या रुद्रपुर विधानसभा में 2769 है व सबसे कम नानकमत्ता में 1688 हैं।

**कंपनी का परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना**

**इंफोसिस के पास 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे**

### पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 6128 करोड़ रहा था

# इन्फोसिस का मुनाफा चौथी तिमाही में 30 प्रतिशत बढ़कर 7,969 करोड़ रुपये

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत लाभ 30 प्रतिशत उछलकर 7,969 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की जानकारी दी।

पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 6,128 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 37,923 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 37,441 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही इन्फोसिस ने कहा कि स्थिर विनिमय दर के आधार पर उसे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में 1-3 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।

### परिचालन मार्जिन में बढ़ोतरी

वहीं परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना है। कंपनी ने बीती तिमाही में 20.1 प्रतिशत का परिचालन मार्जिन दर्ज किया जबकि समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 20.7 प्रतिशत रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 8.9 प्रतिशत बढ़कर 26,233 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 24,095 करोड़ रुपये था।

## कंपनी शेयरधारकों को प्रतिशेयर 28 रुपए का लाभांश देगी

### जेनरेटिव एआई में बढ़ी दक्षता

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, 'अब तक का सर्वाधिक सौदा मूल्य हासिल करना हमारे प्रति ग्राहकों के मजबूत भरोसे को दर्शाता है। जेनरेटिव एआई में हमारी दक्षता बढ़नी जारी है। हम ग्राहक कार्यक्रम पर काम कर रहे हैं और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, प्रक्रिया अनुकूलन और ग्राहक समर्थन पर प्रभाव डालने वाले बड़े भाषायी मॉडलों का लाभ उठा रहे हैं।'




### परिचालन आय 4.7 फीसदी बढ़ी

वहीं कंपनी की समूचे वित्त वर्ष में परिचालन आय 4.7 प्रतिशत बढ़कर 1,53,670 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 में 1,46,767 करोड़ रुपये थी। इन्फोसिस ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में बड़े सौदों का कुल अनुबंध मूल्य अब तक के उच्चतम स्तर 17.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इनमें से 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे।

### पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन को स्वीकृति

इस बीच इन्फोसिस के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शेयरधारकों को प्रति शेयर 20 रुपये का अंतिम लाभांश देने और आठ रुपये प्रति शेयर का विशेष लाभांश देने की सिफारिश की है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 से लेकर 2028-29 तक के पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन नीति को भी स्वीकृति दी।

### जर्मन कंपनी इन-टेक का किया अधिग्रहण

इस दौरान रणनीतिक एवं परिचालन संबंधी नकदी जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इसके साथ ही इन्फोसिस ने 45 करोड़ यूरो (करीब 4,000 करोड़ रुपये) में जर्मनी की कंपनी इन-टेक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की भी घोषणा की है।

### ये समाधान मुहैया कराती है कंपनी

पूरी तरह से नकद में होने वाला यह सौदा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पूरा हो जाने की उम्मीद है। इन-टेक इलेक्ट्रिक परिवहन, स्वचालित ड्राइविंग और इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित तकनीकी समाधान मुहैया कराती है।

# जानिए, नाश्ते में दूध पीना फायदेमंद है या नहीं



ब्रेकफास्ट हमारे दिन का सबसे महत्वपूर्ण मील है। ऐसे में इसमें पौष्टिक चीजों को शामिल करना बहुत जरूरी है ताकि पूरा दिन शरीर एनर्जेटिक रहें। कुछ लोग नाश्ते में रोजाना दूध पीते है लेकिन जरूरी नहीं यह हर किसी के लिए फायदेमंद हो। कई लोगों को यह नुकसान भी पहुंचाता है। एक कप दूध में 8 ग्राम प्रोटीन होता है। ऐसे में दूध पीने के बाद पेट भरा महसूस होता है। इसमें मौजूद प्रोटीन हड्डियों, मांसपेशियों और प्रतिरक्षा तत्वों का निर्माण करने में मदद करता है लेकिन खाली पेट इसे पीने से यह पचने में अधिक समय लेता है। अगर आप नाश्ते में दूध शामिल करना चाहते हैं तो इसे बनाना शेक या मेंगो शेक के तौर पर ले सकते है।

किन लोगों के लिए नाश्ते में दूध पीना हैं फायदेमंद

जिन लोगों की पाचन शक्ति मजबूत हो उनके लिए सुबह नाश्ते में दूध पीना फायदेमंद होता है। वहीं, सुबह दूध में तुलसी मिलाकर पीने से कई सेहत संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिलता है। इसमें चीनी मिलाकर पीएं। इससे दूध में मौजूद कैल्शियम हड्डियों तक आसानी से पहुंचेगा।

दूध पीने के नुकसान

अगर आपको पाचन संबंधित समस्या है तो खाली पेट भूलकर भी न दूध पीएं। खाली पेट दूध पीने से आपको गैस और कब्ज जैसी प्रॉब्लम हो सकती है। एक शोध के मुताबिक, दूध की वजह से महिलाओं की हड्डियों में फ्रैक्चर होने के चांस बढ़ जाते है। दिन में तीन से ज्यादा गिलास दूध पीना भी सेहत के लिए हानिकारक है। इसमें मौजूद फैट हड्डियां कमजोर करने का कारण भी बनता है।

किस समय पीना चाहिए दूध

बुजुर्गों के लिए दोपहर के समय दूध पानी फायदेमंद होता है। वहीं, अगर आप रात को इसका सेवन करते हैं तो इससे नींद भी अच्छी आएगी और दिनभर की थकान भी दूर होगी। खाने के साथ दूध का सेवन न करें।

# बिना किसी साइड-इफैक्ट के नैचुरल तरीके से बालों को करें स्ट्रेट

बालों को स्ट्रेट करना इतना ट्रेंड में है कि लड़कियां इसके लिए पार्लर जा कर हजारों पैसे खर्च कर रही हैं क्योंकि इससे उन्हें बालों में कंघी करने या फिर हेयर स्टाइल बनाने में कोई परेशानी नहीं होती। लेकिन पार्लर में बालों को स्ट्रेट करने के लिए कई तरह के केमिकल इस्तेमाल किए जाते है, जिसके बाद में कई तरह के साइड इफैक्ट भी होते हैं। जिससे आप बिना किसी साइड इफैक्ट के बालों को स्ट्रेट और खूबसूरत बना सकेंगी।

**1. अंडे और जैतून तेल का हेयरमास्क**

सामग्री

अंडे- 2

जैतून का तेल- 3 टेबलस्पून

बनाने का तरीका

1. सबसे पहले बाऊल में 2 अंडे डाल कर फेंट लें और फिर इसमें 3 टेबलस्पून जैतून का तेल मिक्स करें।

2. अब इस मास्क को बालों पर 1 घंट के लिए लगाएं और बाद में इसे किसी माइल्ड शैम्पू के साथ धो लें। इस उपाय को सप्ताह में 1 बार करें।

**2. दूध और शहद का हेयरमास्क**

**सामग्री**

दूध- 1/4 कप

शहद- 2 टेबलस्पून

**बनाने का तरीका**

1. बाऊल में दूध और शहद डाल कर अच्छी तरह मिक्स कर लें।

2. अब बालों को थोड़े-थोड़े हिस्से में बांट ले और तैयार किए हेयर मास्क को बालों पर लगाएं।

3. फिर बालों को शॉवर कैप से 2 घंटे ढका रहने दें और बाद में इसे हल्के शैंपू, ठंडे पानी के साथ धो लें।

**3. चावल का आटा और अंडा**

**सामग्री**

अंडे का सफेद भाग- 1

चावल का आटा- 5 टेबलस्पून

दूध - 1/4 कप

**बनाने का तरीका**

1. बाऊल में सारी सामग्री डाल कर अच्छी तरह मिक्स कर लें।

2. इस हेयर मास्क को बालों पर 1 घंटे तक लगाएं।

3. फिर बालों को सादे पानी से धो लें।

# चिकन पॉक्स के दाग खूबसूरती को कर रहे हैं फीका तो अपनाएं ये घरेलू उपाय



चिकन पॉक्स की समस्या ज्यादातर गर्मियों में देखने को मिलती है। इसे आम भाषा में कुछ लोग माता भी कहते हैं। यह वेरिसेला जोस्टर वायरस के कारण होने वाली संक्रामक बीमारी है। इस समस्या के होने पर शरीर चेहरे से लेकर पूरे शरीर पर छाले, फफोले जैसे दाने हो जाते हैं। इसके अलावा चिकन पॉक्स होने पर शरीर पर खुजली, थकान और बुखार होने लगता है। चिकन पॉक्स ठीक होने के बाद कई बार चेहरे पर दाग रह जाते हैं जिसके कारण चेहरे की ब्यूटी खराब हो जाती है। अगर आप भी इन दागों के कारण परेशान है तो इन घरेलू नुस्खों को इस्तेमाल करके इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**1. शहद का करें इस्तेमाल**

चिकन पॉक्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए शहद का प्रयोग काफी फायदेमंद है। इस इस्तेमाल करने के लिए शहद में ओट्स मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। फिर इसे आधे घंटे तक दागों पर लगाएं और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

**2. पपीता का इस्तेमाल**

पपीते का पेस्ट चेहरे के दाग-धब्बों को हटाने के अलावा यह स्किन को हाइड्रेट करता है और डेड स्किन हटाने में भी मदद करता है। इस पेस्ट को लगाने के बाद त्वचा निखरी हुई महसूस होती है।

**3. नींबू का इस्तेमाल**

चिकन पॉक्स के निशानों से छुटकारा पाने के लिए रोजाना नींबू को दागों पर रगड़ें और आधे घंटे बाद चेहरे को धो लें। इससे दाग धीरे-धीरे हल्के होकर साफ जाएंगे।

**4. टमाटर**

चेहरे से दाग-धब्बे हटाने के लिए टमाटर का पल्प इस पर लगाएं औ फिर चेहरे को पानी से धो लें। इसके अलावा टमाटर के रस में नींबू का रस मिला कर इन दागों पर लगाएं। इस समस्या से बहुत जल्दी आराम मिलेगा।

**5. चंदन पाउडर**

ओलिव ऑयल में चंदन पाउडर मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को गड्ढों, दाग-धब्बों पर लगाएं और मालिश करें। इस उपाय को दिन में 3-4 बार करें। इस उपाय से आपको कुछ ही दिनों में फायदा मिलेगा।

# नहीं छूट रही है स्मोकिंग की लत तो ट्राई करें ये 7 तरीके



सिगरेट पीना आजकल लड़के, लड़कियों सेलेकर छोटे-छोटे बच्चों तक के लिए ट्रेंड बन गया है। सिगरेट पीना सेहत के लिए हानिकारक होने के साथ कई जानलेवा बीमारियों का कारण भी बनता है। एक रिसर्च में भी यह बात साबित हो चुकी है, भारतीय लोग धूम्रपान करने में सबसे आगे होते है। कुछ लोग इस लत से छुटकारा पाने के लिए कई तरीके इस्तेमाल करते हैं लेकिन वह चाहकर भी इसे छोड़ नहीं पाते। अगर आप भी सिगरेट की लत को छोड़ना चाहते हैं तो आज हम आपको ऐसे उपाय बताएंगे, जिससे आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगी।

**1. अजवायन के बीज**

जब भी आपको सिगरेट पीने की तलब लगे तो अजवायन के कुछ बीच लें और उन्हें चबाएं। शुरू में यह आपको मुश्किल मिलेगा लेकिन कुछ ही दिनों में इससे आपकी धूम्रपान करने की लत दूर हो जाएगी।

**2. दालचीनी**

सिगरेट की लत को छोड़ने के लिए आप दालचीनी के एक टुकड़ा और थोड़ी देर के लिए चूसते रहें। सिगरेट की तलब लगने पर ऐसा करें। इससे आपको सिगरेट छोड़ने में मदद मिलेगी।

**3. अंगूर के बीज**

सिगरेट छोड़ने के लिए यह सबसे अच्छा तरीका है। जब भी आपको सिगरेट पीने का मन करें तो इसके कुछ दानें लेकर चबाएं। इसका सेवन सिगरेट की लत को दूर करने के साथ रक्त में एसिडिटी को कम करके स्मोकिंग से होने वाले नुकसान से भी बचाता है।

**4. कॉपर के बर्तन पानी पीएं**

रोजाना कॉपर के बर्तन में रखे हुए पानी को दिन में 2 दिन पीएं। इससे शरीर में जमा हुए विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। नियमित रूप से कॉपर में रखे बर्तन में पानी पीने से सिगरेट पीने की लालसा कम हो जाती है।

**5. शहद**

**शहद में** विटामिन्स, एंजाइम और प्रोटीन होता है जो कि आराम से स्मोकिंग की आदत को छुड़वाने में मदद करता है। जब भी आपको सिगरेट पीने की लालसा हो तो शहद चाट लें। इससे कुछ समय में ही आपकी सिगरेट पीने की आदत दूर हो जाएगी।

**6. तुलसी**

सिगरेट पीने की बजाए आप तुलसी की पत्तियों को चबाएं। हर सुबह और शाम लगभग 2-3 तुलसी की पत्तियां चबाने से सिगरेट पीने की लत छूट जाती है।

**7. अश्वगंधा**

अश्वगंधा से शरीर डिटॉक्स होता है और यह स्ट्रेस को दूर करने के साथ ही तंबाकू की लत को छुड़वाने में भी मदद करता है। अश्वगंधा की जड़ों से तैयार किए गए पाउडर को पानी के साथ मिलाकर लगातार कुछ दिन पीने से सिगरेट की लत छूट जाती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मलाइका का बेटे से वर्जिनिटी को लेकर सवाल पूछना पड़ा भारी



**बॉलीवुड** दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं। मलाइका ने आगे कहा, मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए। हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गई।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।' इसी सेगमेंट के दौरान अरहान को मलाइका से उनकी शादी की योजना के बारे में पूछते हुए भी देखा गया। उन्होंने पूछा, मुझे एक सही तारीख, एक स्थान, एक डेस्टिनेशन और कब के लिए चाहिए। मुझे इन सारे सवालों के जवाब चाहिए। और जैसा कि अभिनेत्री ने सवाल का जवाब नहीं दिया और हरी मिर्च खाने का फैसला किया, उन्होंने कहा कि वह इस समय अपना सबसे अच्छा जीवन जी रही हैं। पॉडकास्ट पर मलाइका ने यह भी खुलासा किया कि अरहान कोई प्लानिंग के साथ किए गए बच्चोनहीं थे। उन्होंने साझा किया, यह बस हो गया। मैंने यह योजना नहीं बनाई थी कि इस उम्र में एक दिन मैं तुम्हें पा लूंगी। यह बस हो गया।



# बॉलीवुड नहीं, टॉलीवूड से डेब्यू करेगी खुशी कपूर



बॉलीवुड में कई स्टार किड्स अपने आने का इंतजार कर रहे हैं। इस साल की शुरूआत में, संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर को करण जौहर ने पेश किया था, जिन्होंने साझा किया था कि वह उन्हें बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे हैं। इसी तरह सुहाना खान भी इंडस्ट्री में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। एक अन्य स्टार जिसने अभी तक अपने अभिनय की शुरूआत नहीं की है, वह है खुशी कपूर - लेकिन ऐसा लग रहा है कि वह जल्द ही बॉलीवुड में नहीं जा सकती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, खुशी कपूर जल्द ही एक्टिंग की दुनिया में अपनी किस्मत आजमा सकती है। लेकिन जान्हवी के उलट खुशी बॉलीवुड की बजाए तेलुगू सिनेमा से एंट्री मार सकती हैं। बिल्कुल अपनी दिवंगत मां श्रीदेवी की तरह। भारतीय निमार्ता दिल राजू अभिनेत्री को तेलुगु सिनेमा में लॉन्च कर सकते हैं। वह खुशी के पिता बोनी कपूर के दोस्त हैं और उनके साथ आखिरी बार वेकेल साब में भी काम किया था, जो एक बड़ी सफलता थी। हालांकि इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि खुशी पहले किस उद्योग को चुनेंगी, हम जानते हैं कि हम उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। दूसरी ओर, खुशी की बहन जान्हवी कपूर बॉलीवुड में अपनी सफलता का आनंद ले रही हैं।



# तुषार कपूर ने बताया अपनी शादी का प्लान

**तुषार कपूर** उन एक्टर्स में से एक हैं जिन्होंने अब तक शादी नहीं की है। हालांकि तुषार कपूर एक बेटे लक्ष्य के पिता हैं। वे सेरोगेसी के जरिए एक बच्चे के पिता बने थे। एक्टर अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने बेटे के साथ गुजारना पसंद करते हैं। हाल ही में जब तुषार से शादी करने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। तुषार का कहना है फ्यूचर में शादी करने की कोई प्लानिंग नहीं है और मैं खुद को किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहता हूं। तुषार कपूर ने अपने शादी के प्लान को लेकर कहा, नहीं क्योंकि अगर मेरा ऐसा कोई प्लान होता तो मैं सिंगल पैरेंट नहीं बनता। मैं हर दिन अपने बेटे के साथ कुछ न कुछ करता रहता हूं। इसके अलावा कोई और ऑप्शन मैं चुन ही नहीं सकता। मैं खुद को किसी और के साथ नहीं बांट सकता और न ही आगे कभी ऐसा करूंगा। तो बस अगर एंड सही है तो सब सही है।